<u>नियम पुस्तक</u>

(मैनुअल)

तिल की बेहतर कृषि विपणन पध्दतियाँ

सत्यमेव जयते

2006

भारत सरकार

कृषि मंत्रालय

कृषि एवं सहकारिता विभाग

विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय

प्रधान शाखा कार्यालय

नागपुर - 440001

प्रस्तावना

कृषि से संबंधित विश्व व्यापार संगठन के करार के कारण संपूर्ण विश्व में कृषि पदार्थो के विपणन में भारी परिवर्तन आया है। घरेलू और निर्यात संबेधी प्रतियोगिता और व्यापार के उदारीकरण एवं सार्वभौमिकीरण को देखते हुए किसानों को फसल काटने के पश्चात प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं के बारे में शिक्षित करना उनके हित में है। हमारे किसानों और विभिन्न बाजार कार्यकर्ताओ की परंपरागत पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए यह प्रयास किए जा रहे हैं कि उन्हें व्यापार की मूलभूत आवश्यकताओं के बारे में प्रयास कराया जाए ताकि वे नए व्यापारिक अवसरो का लाभ उठा के लाभों का दोहन कर सके और प्रतिस्पर्धी मूल्य प्राप्त करने योग्य हो सकें।

भारत विश्व में तिल (सीसम इंडिकम एल) का सबसे बडा उत्पादक देश है। 2004 में भारत में विश्व के तिल उत्पादन के कुल क्षेत्रफल 27.75 प्रतिशत क्षेत्रफल में तिल उगाया गया तथा विश्व में हुए कुल उत्पादन का 20.88 प्रतिशत उत्पादन हुआ। भारत में तिलहनों के उत्पादन में तिल का प्रथम स्थान है और उसके निर्यात की अच्छी संभावनाएं हैं। यह नियमित ई.,ए.,बी., विटामिनों, नियासिन और खनिज का प्रचुर भंडार है। तिल के तेल का उपयोग साबुन, प्रसाधन सामग्रियों, इत्र, कीट नाशकों और दवा उत्पाद बनाने में किया जाता है। तिल की बेहतर कृषि विपणन पध्दतियों की यह नियम पुस्तक निश्चित रूप से कृषक समुदाय के लिए लाभप्रद होगा, इसमें तिल (सीसमम इंडिकम एल.) के विपणन के बारे में विभिन्न जानकारियों को शामिल किया गया है।

इस नियम पुस्तक को विपणन और निरीक्षण निदेशालय प्रधान शाखा कार्यालय, नागपुर के उप कृषि विपणन सलाहकार श्री बी.डी. शेरकर के पर्यवेक्षण और निर्देशन में विपणन अधिकारी श्री मनीष कुमार चौधरी ने तैयार किया है।

इस नियम पुस्तक की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए सृजनात्मक और नए सुधारों का स्वागत किया जाता है। इस नियम पुस्तक में निश्चित किसी भी विवरण के लिए भारत सरकार उत्तरदायी नहीं होगी।

हस्ताक्षर

फरीदाबाद (यु.के.एस.चौहान)

दिनांक : 8.1.2007 कृषि विपणन सलाहकार भारत सरकार

तिल की बेहतर कृषि विपणन पध्दतियाँ

विषयवस्तु   पृष्ठ सं.

1.	परिचय	1
2.	पोषक मूल्य	1
3.	क्षेत्रवार प्रमुख वाणिज्यिक किस्में	1 - 3
4.	फसल की कटाई और फसलोत्तर देखरेख	4 - 5
5.	श्रेणीकरण	6 - 8
6.	पॅकिंग करना	9
7.	परिवहन	10 – 11
8.	भंडारण	12 – 16
9.	प्रमुख बाजार	17
10.	विपणन माध्यम	18 – 19
11.	विपणन सूचना	20 – 21
12.	विपणन की वैकल्पिक प्रणाली	22 – 24
13.	संस्थागत ऋण सुविधाएं	25 – 27
14.	विपणन सेवा उपलब्ध करने वाले संगठन	28 – 30
15.	क्या करें और क्या न करें	31 – 32

संलग्नक

संलग्नक-1	-	तिल की एगमार्क ग्रेड विशिष्टि	33 – 34
संलग्नक-2	-	तिल के तेल की एगमार्क ग्रेड विशिष्टि	35 – 37
संलग्नक-3	-	तिल के तेल की एगमार्क ग्रेड विशिष्टि (पूर्व भाग हेतु)	38 – 40
संलग्नक-4	-	तिल के तेल की पी एफ ए ग्रेड विशिष्टि	41
संलग्नक-5	-	तिल के आटे की पी एफ ए ग्रेड विशिष्टि	42
संलग्नक-6	-	नैफेड ग्रेड विशिष्टि	43
संलग्नक-7	-	कोडेक्स ग्रेड मानक	44 – 48

<u>तिल</u>

वनस्पतिक नाम - सीसमम इंडिकाम एल. / परिवार - पेडालियाकी

1.0 <u>परिचय</u>

तिल (सीसमम इंडिकम एल) को सामान्य तथा तिल या जिंजेली या सिम सिम के नाम से जाना जाता है, यह विश्व में उगाई जाने वाली सबसे पुरानी तिलहन की फसल है। ऐसा विश्वास है कि तिल की उत्पादन शायद आफ्रीका में हुई। भारत में तिल का आगमन आफ्रीका से सबसे पहले विस्थापित होने वाले व्यक्तियों के साथ हुआ। हड़प्पा (ई.पू. 3600-1750) की खुदाई से यह पता चलता है कि सिंधु घाटी की सभ्यता के दौरान तिल की खेती होती थी। यह खाद्य, पोषण, खाद्य तेल, स्वास्थ रक्षा और जैवन्दक का प्रचुर भंडार है। देश में गुजरात, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, तामिलनाडु, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र राज्य इसके प्रमुख राज्य हैं।

2.0 <u>प्रति 100 ग्राम तिल के बीजों में खाद्य के पोषक मूल्य</u>

खाद्य	उर्जा कैलारी	प्रोटीन ग्राम	वसा ग्राम	कैल्शि-यम ग्राम	लौह ग्राम	थिया-मिन मि.ग्राम	रिबो-फ्लोबिन मि.ग्राम	निया-सिन मि.ग्राम	विटा सी मि.ग्राम	विटा ए मि.ग्राम
तिल के बीज (तिल)	563	18.3	43	14.50	10.5	1.01	0.34	4.4	0	60

3.0 राज्यवार प्रमुख वाणिज्यिक किस्में

1) विभिन्न राज्यों के लिए संस्तुत की गई किस्में

<u>क्र.सं.</u>	<u>राज्य का नाम</u>	<u>किस्में</u>
1.	**गुजरात**	गुज.तिल-1, गुज.तिल-2, पूर्वा-2, जीटी-10.
2.	**मध्य प्रदेश**	जेटी-7, एन-32, टीकेजी-21, टीकेजी-55, जेटिएस-8, आरटी-54, उमा.
3.	**राजस्थान**	आरटी-46, आरटी-54, आरटी-103, आरटी-125, आरटी-127, प्रताप.

4.	**महाराष्ट्र**	फुले तिल-1, एन-8, तापी, पदमा, टी-85, एकेटी-64, एकेटी-101.
5.	**उत्तर प्रदेश**	टी-4, टी-12, टी-13, टी-78, शेखर, प्रगति.
6.	**तमिल नाडु**	सीवो-1, टीएमवी-3, टीएमवी-4, टीएमवी-5, टीएमवी-6, टीएसएस-6, वीआरआई-1, पेइयुर-I.
7.	**पश्चिम बंगाल**	तिलोत्या और रामा.
8.	**उड़ीसा**	विनायक, कनक, कलिका, उमा, उषा, निर्मला, प्राची.
9.	**ऑन्ध्र प्रदेश**	गौरी, माधवी, रामेश्वरी, (वराह वाईएलएम-1), गौतम, (वाईएलएम-1), श्वेता, चंदन.
10.	**केरल**	कयामकुलम-1, कयामकुलम-2, सोमा सूर्या, तिलोत्मा, तिलोथरा.
11.	**कर्नाटक**	ई-8 और डीएस-1.
12.	**पंजाब**	पंजाब तिल-1, टीसी-25 और टीसी-289.
13.	**बिहार**	बी-67 और कृष्णा.
14.	**हरियाणा**	हरियाणा तिल-1.
15.	**हिमाचल प्रदेश**	बृजेश्वरी.
16.	**जम्मू और कश्मीर**	आरटी-46.
17.	**पूर्वोत्तर क्षेत्र**	टीकेजी-21 और टीकेजी-22.

11) विशिष्ट परिस्थितीयों के लिए महत्वपूर्ण किस्में

क्र.सं.	मुख्य विशेषताएँ	किस्में
1.	सफेद मोटा बीज निर्यात क्वालिटी	निर्मला, गुजरात तिल 2, जेटीएस 8, एचटी-1, तापी और फुले तिल 1.
2.	सफेद बीज मल्टी कैप्सूल (अर्ली) अगेती	गुजरात तिल-1.
3.	घरेलू/दवा प्रयोग हेतु काला बीज	टीएमवी-3, सीओ-1 और जीटी-10.
4.	उच्च तेलीय तत्व	टीकेजी-21, जेटी-27, टीकेजी-22, गौतम, ई-8, कयामकुलम-1, तीलोथमा और टीएसएस-6.
5.	अर्ध रबी के लिए उपयुक्त	एन-8, एकेटी-101.

6.	गर्मियों के लिये उपयुक्त		टीएमवी-4, उमा, रामा, गौरी, आरटी-54, टीकेजी-21 और टीकेजी-22.
7.	नान शेटरिंग हेबिट		उमा.
8.	सूखा प्रतिरोधी		टी-78, आरटी-46, आरटी-54, आरटी-125, श्वेता और वाईएलएम-11.
9.	भारी कठोर मिट्टी के लिये उपयुक्त		प्रताप.
10.	निम्म भूमि और उपरि भूमि राइस फैलो हेतु.		सोमा, सुर्या और तिलोत्मा.
11.	(क)	मैकोफोमिना स्टैम और रूट रॉट बीमारियो की रोधी/सहनशील	आरटी-46 और राजेश्वरी.
	(ख)	आल्टरनेरिया लीफ स्पाट	विनायक.
	(ग)	फाइटोपथोरा ब्लाइट	टीकेजी-22
	(घ)	फिलौडी एंड लीफ कर्ल	टी-78, एचटी-1 और जेटीएस-8.
	(ड.)	बॅक्टीरियल एंड सेरकास्पोरा लीफ स्पोटस्	टीकेजी-21.
12.	(क)	पेस्ट एंटीगेस्ट्रा और गाल फ्लाई प्रतिरोधी/सहनशील.	आरटी-46, आरटी-103, टीकेजी-21, उषा.
	(ख)	सिस्ट नेमाटोड	जीटी-2 और उमा.
	(ग)	लीफ माइनर और माइटस्	टीएमी-3.

4.0 <u>फसल काटते समय ध्यान देने योग्य बातें</u>

फसल काटते समय निम्मलिखित बातो पर ध्यान देना चाहिए

(क) <u>कब काटें</u> :

1. फसल की औसत अवधि पर विचार करते हुये फसल पर गौर करें।
2. नीचे से 25% पत्तियॉ झड गई हो और पत्तियोंका रंग फीका हो गया हो और पक कर पीला हो गया हो।
3. तने का रंग पीला हो गया हो।
4. कैपसूल का रंग पीला हो जाए।
5. नीचे का कैपसूल भूरा होने से पूर्व फसल काट ले।
6. नीचे से दसवे कैपसूल की खोलकर देखे, यदि बीज काला हो गया हो तो, काले बीज की किस्म के लिए फसल काट लें।
7. यदि फसल काटने में देरी होती है तो कैपसूल पिचक जाएगा और उत्पादन कम होगा।

(ख) <u>कटाई</u>

i) समय पर कटाई होने से अधिकतम गुणवत्ता और उपभोक्ता स्वीकार्य गुणवत्ता प्राप्त होती है।

ii) फसल को उसकी परिपक्वता पर काट ले क्योंकि फसल काटने में देरी होने पर बीज खेत में ही बिखर जाएंगे।

iii) पौधो को जमीन से खीच ले।

iv) खुले स्थान पर एक घेरे में एक के ऊपर एक करके रखे जिसमें तनें का हिस्सा बाहर की ओर तथा फसल का हिस्सा अंदर की तरफ हो।

v) फसल को घास फूस से ढक दें ताकि नमी और तापमान बढे। इसीतरह से रख कर तीन दिन तक देखभाल करें।

vi) पौधो को हिलाएं करीब 75% बीज बिखर जाएंगे।

vii) पौधे को 2 दिन और धूप में सूखने दे, पौधो को एक बार फिर हिलाएं। सभी लगे हुए बीज नीचे गिर जाएंगे।

viii) बीज फटक कर अलग करलें तथा तीन दिन तक धूप में पड़ा रहने दे। एक समान सुखाने के लिए तीन-तीन घंटो में उलट पलट करें।

ix) बंडलो को उपयुक्त तरह से बांधले और उपयुक्त स्थान पर रखें।

xi) बीज एकत्र करें तथा कूट के बोरों में रखें।

xi) फसल काटने, थ्रेशिंग, गाहने तथा प्रसंस्करण करने में प्रयुक्त कपडों/बैगो/कंटेनरों/उपकरणों की सफाई पर अत्याधिक ध्यान रखें।

xii) प्रतिकूल मौसम में कटाई न करें।

<u>फसलोत्तर होने वाली क्षति से बचने के लिए निम्मलिखित उपाय किए जाने चाहिएं।</u>

- **क)** समय पर कटाई करें।
- **ख)** कटाई की उपयुक्त विधि का प्रयोग करें।
- **ग)** गाहने (थ्रैशिंग) और फटकने (विनोइंग) के लिए आधुनिक मैकेनिकल विधि का प्रयोग करें।
- **घ)** प्रसंस्कारण की उन्नत तकनीक का प्रयोग करें।
- **ड.)** उत्पाद की भली भांति सफाई और श्रेणीकरण करें।
- **च)** भंडारण और परिहृन के लिए सही और अच्छी पैकिंग का प्रयोग करें।
- **छ)** भंडारण की उपयुक्त तकनीक का प्रयोग करें।
- **ज)** भंडारण में कीट नियंत्रण उपायों का प्रयोग करें।
- **झ)** पैकिटो को चढाने और उतारने के समय पूरा ध्यान रखें।

5.0 श्रेणीकरण

स्वीकार्य गुणवत्ता मानको के अनुसार श्रेणीकरण और चिन्हांकन करने से कृषकों, विपणन कार्यकर्ताओ, प्रसंस्कारणकर्ताओ, व्यापारियों और उपभोक्ताओ को सही विपणन में मदद मिलती है।

लाभ

1. इससे किसानों को उत्पाद की उच्च कीमते प्राप्त होती है।
2. इससे प्रतियोगात्मक विपणन में सुविधा मिलती है।
3. इससे विपणन प्रक्रिया में विस्तार होता हैं क्योंकि मानक श्रेणियों को उध्दृत करके दो, पक्षकारो के बीच दूरवर्ती स्थानो से खरीद और बिक्री की जा सकती है।
4. इससे विपणन की लागत कम होती है और भंडारण क्षति कम होती है।
5. इससे उत्पाद की गुणवत्ता बनाए रखने में सुविधा होती है।
6. इससे उपभोक्ता को उचित कीमतों पर मानक गुणवत्ता प्राप्त करने में मदद मिलती है।
7. इससे भावी सौदों में सुविधा होती है और यह इससे मूल्य स्थिर रखने में मदद मिलती है।

5.1 श्रेणी विशिष्टियाँ

I. एगमार्क :

भारत में कृषि उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए '"कृषि उत्पाद (श्रेणीकरण और चिन्हाकन) अधिनियम 1937" अधिनियमित किया गया था। यह अधिनियम केन्द्रीय सरकार को अनुसूची में शामिल कृषि वस्तुओ के श्रेणीकरण मानको को नियत करने और श्रेणीकरण के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया से संबंधित नियम तैयार करने के लिए प्राधिकृत करता है। तिल के बीज, तिल (तिल या जिंजली तेल) और देश के पूर्वी भागो में उगाए गए सफेद बीजों से तिल (तिल या जिंजली तेल) के लिए विनिर्दिष्ट श्रेणी मानक, विपणन और निरीक्षण निदेशालय द्वारा प्राप्त किए गए हैं इन्हे क्रमश: अनुबंध I, II और III में दर्शाया गया है।

II. खाद्य अपमिश्रण अधिनियम 1954

खाद्य अपमिश्रण अधिनियम भी तिलके तेल और निकाले गए धुलनशील तत्वो वाले तिल के पाउडर के गुण की श्रेणी विशिष्टि निर्धारित करता हैं इन्हे क्रमश: अनुबंध IV तथा V में दिया गया है।

III. भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन फेडरेशन लिमिटेड (नेफेड)

भारत सरकार की केन्द्रीय एजेंसी भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन फेडरेशन लिमिटेड (नेफेड) 2003-04 के दौरान मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत तिल के बीजों की खरीद दारी के लिए उचित मौसम गुणवत्ता हेतु श्रेणी विशिष्टि के अनुसार तिलहनो के खरीद की व्यवस्था करती है जो कि अनुबंध VI में दिया गया है।

IV. कोडेक्स मानक

तिल के लिए निर्धारित कोडेक्स मानक अनुबंध VII में दिया गया है।

5.2 उत्पादकों के स्तर पर और एगमार्क के अधीन श्रेणीकरण

बेहतर मूल्य और धन प्राप्ति के लिए बिक्री से पूर्व उत्पाद के श्रेणीकरण को मान्यता देने में पर्याप्त वृध्दि हो रही है। विपणन और निरीक्षण निदेशालय ने 1962-63 में उत्पादक स्तर पर श्रेणीकरण की स्कीम शुरू की थी। इस स्कीम का मुख्य उद्देश्य उत्पाद का बिक्री से पूर्व सहज गुणवत्ता के परीक्षण करना और उसे श्रेणी प्रदान करना था। 31.03.2005 को देश के विभिन्न राज्यों और संघ राज्यों में 1079 अनुमोदित श्रेणीकरण प्रयोगशालाएँ कार्य कर रही थी। 21.03.2005 को उत्पादक स्तर श्रेणी यूनिट की राज्यवार संख्या 1968 थी। 2004-05 में उत्पादक स्तर पर 13411.66 लाख रूपये मूल्य के 55295.2 मी.टन तिल का श्रेणीकरण किया गया।

उत्पादक स्तर पर तिल के बीजों का श्रेणीकरण

वर्ष	मात्रा मी. टन	मूल्य (लाख रूपये)
2003-2004	55090	11842.79
2004-2005	55295.2	13411.66

5.3 स्वच्छता और पादप स्वच्छता की आवश्यकताएं

"गैर करार टैरीफ और व्यापार संबंधी सामान्य करार 1994" के तहत स्वच्छता और पादप स्वच्छता (एस.पी.एस.) उपाय निर्यात व्यापार का अभिन्न अंग है। एस पी एस करार स्वच्छता और पादप स्वच्छता संबंधी सभी उपायो पर लागू होता हैं जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को प्रभावित करता है। स्वच्छता मानव तथा पशु स्वच्छता और पादप स्वच्छता पौधों के जीवन/स्वास्थ्य से संबंधित है। एस पी एस उपाय मानव, पशु या पौधों के स्वास्थ्य रक्षा के लिए चार परिस्थितियों में लागू होता है ये परिस्थितियां निम्नलिखित है -

1. पीड़क जन्तुओ, बीमारियाँ, बीमारियाँ फैलानेवाले या बीमारीका कारक बननेवाले जीवों के प्रवेश, स्थापना या फैलाने से होनेवाला जोखिम।
2. खाद्य पदार्थो, पेय पदार्थो या खाद्य सामग्री मे एडिटिवस, संदूषको, रंग या बीमारी फैलाने वाले जीवो से होने वाले जोखिम।
3. पशुओ, पौधों या उत्पादो से होने वाली बीमारियों या पीड़क जन्तुओं के प्रवेश, स्थापित होने या फैलाने से होने वाली बीमारियों से होने वाले जोखिम।
4. पीड़क जन्तुओं के प्रवेश, स्थापना या फैलने से होने वाली हानि को रोकना या सीमित करना।

चूंकि ये आयात को प्रभावित करते है, सरकारो द्वारा सामान्य तथा लागू किए गए एस पी एस मानदंड निम्नलिखित है –

i) **आयात पर प्रतिबंध (पूर्णतया/आंशिक)** - यह उस स्थिति में लागू होता है जब हानि के जोखिम की दर ज्यादा हो।

ii) **तकनीकी विशिष्टियाँ (प्रक्रिया मानक/तकनीकी मानक)** - अत्यंत व्यापक तौर पर लागू किए जाने वाले उपाय है इनके अन्तर्गत पूर्व निर्धारित विशिष्टियों का अनुपालन होने पर आयात की अनुमति दी जाती है।

iii) **सूचना आवश्यमता (लेबल आवश्यकता/स्वैच्छिक दावों पर नियंत्रण)** - आयात की अनुमति उपयुक्त तरीके से लेबल लगाए जाने पर ही दी जाती है।

6.0 पैकिंग

पैकिंग से तिल के बीजो के संदूषण, परिवहन के दौरान क्षति या हैंडिलिंग के दौरान नुकसान से भौतिक सुरक्षा प्राप्त होती है। उत्पाद को उत्पादन से खपत तक कई बार हैंडिल किया जाता है। अतः पैकिंग उत्पाद के विपणन में अहम भूमिका निभाती है। निर्यात के लिए भेजे जाने वाले तिल के बीजो की पैकिंग पर अत्यंत ध्यान दिया जाता है।

अच्छी पैकिंग सामग्री में निम्नलिखित गुण होने चाहिए

क. पैकिग सामग्री उस पदार्थ की बनी हो जो प्रयोग करने के उद्देश्य से सुरक्षित और उपयुक्त हों।

ख. पैकिंग सामग्री तिल के बीजों की गुणवत्ता को संरक्षित रख सके।

ग. यह सस्ती तथा हैंडलिंग में सुविधाजनक हो।

घ. उसे भंडार में रखना सुविधाजनक हो।

ड़. भंडारण और परिवहन के दौरान में खराब न हो।

च. यह स्वच्छ तथा आकर्षक होनी चाहिए।

छ. यह विपणन लागत घटाने में सक्षम होनी चाहिए।

ज. इसे जैव-निम्नीकरण योग्य होनी चाहिए।

झ. इसे रासायनिक अवशिष्टो से मुक्त होनी चाहिए।

ण. पैकिंग सामग्री को मुख्य उपभोग के बाद भी उपयोगी होनी चाहिए।

ट. इसे अवांछनीय गंध या स्वाद या किसी विष के संदूषण से मुक्त होनी चाहिए।

तिल के बीज विभिन्न पैकिंगो में उपलब्ध होते हैं। नेफेड उन्हें निवल 80 कि.ग्रा. की पैकिंग में 'ए' श्रेणी के जूट के बोरों में पैक करता है। पैकिजिंग पैकेट भार, आकार और रूप के तौर पर हैंडलिंग और विपणन अपेक्षाए पूरी करने वाला होना चाहिए।

7.0 परिवहन

तिल को सामान्यत: बैगों में भरकर फार्म तथा बाजार स्तर पर परिवहन किया जाता है। अपर्याप्त तथा दक्षता रहित परिवहन से गुणात्मक तथा मात्रात्मक हानि बढ़ जाती है जिसके परिणाम स्वरूप विपणन की लागत बढ़ जाती है।

विपणन की विभिन्न अवस्थानों में प्रयोग किए जाने वाले परिवहन के साधन

क्र. सं.	विपणन की अवस्था	किसके द्वारा भेजा गया	परिवहन का साधन
1.	खेत से गांव के बाजार या प्राथमिक बाजार तक	कृषक	सिरपर ढोकर (हेडलोड), जानवर, बैलगाडी या हैक्टर ट्राली में लादकर
2.	प्राथमिक बाजार से द्वितीयक थोक बाजार और मिल मालिक तक	व्यापारी/मिल मालिक	ट्रक, रेल्वे बैगनों से
3.	मिल मालिक और थोक बाजारों से खुदरा बाजार तक	मिल मालिक/ खुदरा बाजार	ट्रक, रेल्वे बैगन या छोटे ट्रक द्वारा
4.	खुदरा व्यापारी से उपभोक्ता तक	उपभाक्ता	सिरपर ढोकर (हेडलोड), जानवर, बैलगाडी/हाथ गाडी, रिक्शा में लादकर
5.	निर्यात हेतु	निर्यातक/ व्यापारी	पानी के जहाज, हवाई कार्गो द्वारा

आंतरिक बाजारों के लिए सामान्य तथा सडक और रेल परिवहन का प्रयोग होता है जबकि निर्यात बाजार के लिए हवाई और समुद्री मार्ग से परिवहन किया जाता है।

परिवहन से साधन का चयन

परिवहन के साधन का चुनाव करत समय निम्न लिखित बातों पर विचार करना चाहिए –

1. परिवहन का साधन अन्य उपलब्ध वैकल्पीक साधनों की तुलना में सस्ता होना चाहिए।
2. माल चढ़ाने तथा उतारने के समय सुविधा जनक हो।
3. उक्त साधन से प्रतिकूल मौसम अर्थात बारिस, बाढ़ इत्यादि में परिवहन के समय सुरक्षित रख सके।
4. दुर्घटना से होने वाली क्षति को पूरा करने के लिए बीमा वांछनीय है।

5. परेषिती को उत्पाद निर्धारित समय पर मिलना चाहिए।
6. फसल कटने के बाद यह साधन आसानी से उपलब्ध होना चाहिए।
7. यह परिवहन का एकल साधन तथा लागत प्रभावी होना चाहिए।
8. दूरी को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

8.0 भंडारण

भंडारण से बीज की गुणवत्ता का ह्रास होने से रक्षा होती है और मांग और आपूर्ती में संतुलन द्वारा मूल्यों के िस्थरीकरण में मदद मिलती है। भंडारण से उत्पाद को मौसम, नमी, कीड़ों (माइको आर्गेनिज्म) सूक्ष्मजीवों, चूहों, पक्षियों तथा किसी भी प्रकार की जंतु बाधा और संदूषण से संरक्षा प्राप्त होती है।

सुरक्षित तथा वैज्ञानिक तरीके से भंडारण की अपेक्षाऍं

तिल के बीजों के सुरक्षित तथा वैज्ञानिक तरीके से भंडारण के लिए निम्नलिखित अपेक्षाओं का पालन किया जाना चाहिए।

I.	**परिसर का चयन**	- भंडारण ढांचा ऊंचे तथा अच्छे पानी की निकासी वाले परिसर में होना चाहिए। स्थल नमी, अत्यधिक गरमी, कीटों, कृंतकों तथा खराब मौसम में सुरक्षित होना चाहिए तथा वहॉं आसानी से पहुंचना संभव होना चाहिए।
II.	**भंडारण ढांचे का चयन.**	- भंडारण ढांचे का चयन रखेजाने सामान की मात्रा के अनुसार होना चाहिए। उपयुक्त हवा जाने के लिए दो चट्टों के बीच पर्याप्त स्थान होना चाहिए।
III.	**सफाई और धूमन**	- भंडारण का ढांचा उपयुक्त तरह से साफ होना चाहिए तथा बचे हुए बीज एवं ढांचे में छेद तथा दरार न हो। ढांचे में भंडारण के लिए प्रयोग करने से पूर्व धूमन किया जाना चाहिए।
IV.	**सूखा और स्वच्छता**	- बीज अच्छी तरह से सूखे और स्वच्छ होने चाहिए ताकि भंडारण से पूर्व गुणवत्ता में गिरावट से बचा जा सके।
V.	**बैगो की सफाई**	- केवल नए और सूखे जूट के बोरों का प्रयोग करना चाहिए।
VI.	**नए और पुराने स्टाक का अलग अलग भंडारण**	- जंतु बाधा की जांच करने तथा सफाई बनाए रखने के लिए नए -तथा पुराने स्टाक का भंडारण अलग-अलग करना चाहिए।
VII.	**डनेज का प्रयोग**	- तिल के बीजों को लकड़ी के क्रेट पर या बांस की चटाई पर रखकर पॉलीथीन शीट से ढक कर रखे जाएं ताकि जमीन से नमी न सोखी जा सके।
VIII.	**उपयुक्त हवादार**	- साफ मौसम में स्थान हवादार होना चाहिए। बरसात के मौसम में हवादार नहीं होना चाहिए।

IX.	**वाहनों की सफाई**	- तिल के बीजों को ले जाने के लिए प्रयोग किए जा रहे वाहनों की कीटनाशकों से सफाई की जानी चाहिए ताकि जन्तु बाधा से बचा जा सके।
X.	**नियमित निरीक्षण**	- स्टाक की उपयुक्त साफ-सफाई के लिए भंडार में रखे गए बीजों का नियमित निरीक्षण आवश्यक है।

8.1 मुख्य भंडारण कीट और उनका नियंत्रण

कीट का नाम	कीट का चित्र	क्षति	नियंत्रण के लिए उपाय
(राइस माथ) चावल का कीड़ा कोरसाइरा सेफेलोनिका.		लारवा घना जाला बुनकर एक्सक्रीटा मल-मूत्र तथा बालों से बीजों को संदूषित कर देता है। पूरे बीज केम्पंड बन जाते है।	1. भंडार में कीडों से बचाने के लिए स्वच्छता करना बेहतर उपाय है। 2. बुरी तरह से कीड़ा लगे बीजो को मजबूत प्लास्टिक बैगों में बांध कर या सील कंटेनरों में भर कर फेंक दें। 3. भंडार में कीड़ो को पैदा होने से रोकने के लिए हमेशा ही नमी को ईष्टतम स्तर (5% से अधिक न हो) पर रखा जाए। 4. टूटे हुए बीजों को लंबी अवधि तक न रखा जाए। 5. एटापल गाइट आधारित क्ले धूल (एबीसीडी) जैसे अक्रिय पदार्थ बुरकने से भंडारण के कीटों की समस्या के कम किया जा सकता है।
(राइस वीविल) धुन सिठोफलस आरिजेई (लिन)		धुन तथा लार्वा दोनों ही बीजों में घुस जाते हैं और बीजों को खा जातें है।	

चूहे		चूहे साबुत तथा टूटे हुए बीजों को खाते हैं। वे खाने से ज्यादा बीजों को खराब करते हैं। चूहे अपने बाल, मूत्र तथा मल से बीजो को संदूषित कर देते हैं इससे तिल की गुणवत्ता गिरावट हो जाती है और हैजा, रिंग-वार्म दाद तथा रैबिज इत्यादि जैसी कई बीमारियां फैलती है।	1. <u>चूहे पकडने वाली चूहेदानी</u> बाजार में विभिन्न प्रकार की चूहेदानियाँ उपलब्ध है। पकड़े गए चूहों को पानी में डुबोकर मारा जा सकता है। 2. <u>जहर की गोलियाँ</u> जिंक फास्फाइड जैसे स्कंदक रोधी कीटनाशक को रोटी या किसी अन्य खाद्य पदार्थ में मिलाकर जहरीली गोलियों के रूपमें प्रयोग किया जा सकता है। इन गोलियों को एक सप्ताह के लिए रखे। 3. <u>चूहे के बिलों में धूमन देना</u> प्रत्येक छेद/बिल में एल्युमिनियम फास्फाइड की गोलियाँ डालकर उस छेद को मिट्टी से भर कर बाहर जाने का मार्ग बंद कर दें।

8.2 <u>भंडारण का ढांचा</u>

1. **धातु के बने ड्रम** - लोहे की शीट के सिलेंडरनुमा और वर्गाकार रूप में विभिन्न आकारों में बने हुए।

2. **संशोधित बिन** - विभिन्न संगठनों ने वैज्ञानिक तरह से भंडारण के लिए उन्नत भंडारण ढांचे विकसित डिजाइन किए हैं वे नमी रोध है। ये हैं - **(क)** पूसा कोठी **(ख)** पी ए यू बिन **(ग)** नंदा बिन **(घ)** हापुर कोठी **(ड.)** पी के वी बिन **(च)** चित्तौड के पत्थर की बिन इत्यादि।

3. **पक्का गोदाम** - ये ईटों की दीवार तथा सीमेंट के फर्श के बने हुए भंडार होते है।

8.3 <u>भंडारण सुविधाए</u>

i) उत्पादक स्तर पर : उत्पादक तिल के बीजों का परम्परागत तथा उन्नत भंडारण ढांचों में भंडारण करते हैं। सामान्य तथा ये भंडार थोड़े समय के लिए ही प्रयोग किए जाते हैं।

इन भंडारण ढांचों में निम्नलिखित गुण होने चाहिए :-

1. ये ऊंचे प्लेटफार्म पर बने हो तथा आस-पास का क्षेत्र स्वच्छ हों।
2. ये नमी/आर्द्रता रोधी हों।
3. चूहे तथा दीमक रोधी हों।
4. किसी प्रकार के संदूषकों तथा रसायनों से मुक्त हों।
5. पुनः प्रयोग किए जाने योग्य हों।
6. माल चढ़ाने और उतारने के प्रयोग से सुविधाजनक हों।

ii) <u>ग्राम के गोदाम</u> : विपणन और निरीक्षण निदेशालय, नाबार्ड तथा एनसीडीसी के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में संबंध सुविधाओं से युक्त वैज्ञानिक तरीके से भंडारण गोदाम बनाने के लिए ग्राम गोदाम योजना क्रियान्वित कर रही है ताकि कृषि उत्पाद के भंडारण तथा फसल की कटाई के तुरंत बाद मजबूरीवश बिक्री को रोकने के लिए किसानों की आवश्यकताओं को पूरा किया जाता है। ग्राम गोदाम योजना के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं –

I. कृषि उत्पादों, प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों, उपभोक्ता वस्तुओं और कृषि इनपुट के भंडारण की किसानों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ग्रामीण लोगों में संबंध सुविधाओं से युक्त वैज्ञानिक तरीके से भंडारण क्षमता सृजित करना।

II. कृषि उत्पादों के श्रेणीकरण, मानकीकरण और गुणवत्ता नियंत्रण को बढ़ावा देना ताकि उनके विपणन को समर्थित किया जाए।

III. गिरवी रखकर वित्त तथा विपणन ऋण सुविधा उपलब्ध कराकर फसल कटने के तुरंत पश्चात् कम मूल्य पर मजबूरीवश बिक्री को रोकना।

IV. देश में भंडारण की आधारभूत अवसंरचना का सृजन करने के लिए निवेश करने हेतु निजी और सहकारी क्षेत्रों को बढावा देकर कृषि क्षेत्र में निवेश की गिरती हुयी प्रवृत्ति को रोकना।

V. दोषपूर्ण अथवा घटिया भंडारण प्रणाली में अनाज के भंडारण से होने वाले मात्रात्मक तथा गुणात्मक नुकसान का कम करना।

VI. फसल की कटाई के तत्काल बाद परिवहन प्रणाली पर पड़ने वाले दबाव को कम करना।

iii **<u>मंडी/ए.पी.एम.सी. गोदाम</u>**

फसल कटने के बाद तिल के बीजों को जूट के बोरों में भरकर मंडी में ले जाया जाता है। बाजार में बिक्री के लिए लाए गए कृषि उत्पाद को ए.पी.एम.सी. में बताए गए भंडारण गोदामों में रखा जाना चाहिए। सी डब्ल्यू सी, एस डब्ल्यू सी और सहकारी

समितियों ने बाजार यार्डो में गोदाम बनाए हैं। वे निर्धारित भंडारण शुल्क पर वैज्ञानिक तरीके से भंडारण सुविधा उपलब्ध कराते हैं। और गिरवी रखे उत्पाद के लिए गोदाम की रसीद जारी करते हैं जो कि अनुसूचित बैंकों से वित्त प्राप्त करने के लिए परक्राम्य दस्तावेज होता है।

iv. <u>सी डब्ल्यू सी, एस डब्ल्यू सी के गोदाम</u>

क) केन्द्रीय भांडागार निगम (सेंट्रल वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन) :

यह देश का सबसे बडा सार्वजनिक वेयरहाउसिंग आपरेटर है। 31 मार्च 2005 के अन्त में सी डब्ल्यू सी 484 गोदाम संचालित कर रहा था जिनकी कुल भंडारण क्षमता 10.18 मिलियन टन थी। सी डब्ल्यू सी निकासी (क्लीयरिंग) और अग्रेषण (फारवर्डिंग), हैंडलिंग और परिवहन प्रापण और वितरण, कीटनाशी सेवाओं, जंतुबाधा सेवाओं और अन्य अनुषंगी सेवाओं जैसे सुरक्षा और हिफाजत, बीमा, मानकीकरण और दस्तावेजीकरण के क्षेत्रों में भी सेवाएं प्रदान करता है।

ख. <u>राज्य भांडागार निगम (स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन)</u>

स्टेट (राज्य) वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन का संचालन क्षेत्र राज्य के जिलों में होता है। स्टेट (राज्य) वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन राज्य सरकार तथा सी डब्ल्यू सी दोनो के नियंत्रण में होते हैं। विभिन्न राज्यों ने देश में अपने वेयरहाउस बनाए हैं। 1 अप्रैल 2005 की स्थिति के अनुसार एस डब्ल्यू सी देश में 1599 वेयरहाउसिंग सेंटरों को संचालित कर रहे थे जिनकी कुल क्षमता 195.20 लाख टन थी।

v. <u>सहकारी भंडारण</u>

सहकारी सोसायटियॉ फसल कटने के तुरंत बाद उत्पादकों को उनके उत्पादों को रखने के तथा मूल्य अनुकूल होने पर उसे बेचने के लिए भंडारण सुविधा प्रदान करती हैं। सहकारी भंडारण उत्पादकों के लिए बेहतर विकल्प हैं क्योंकि वे थोक में सस्ती दरों पर प्रति इकाई गिरती हुई भंडारण लागत पर भंडारण सुविधा प्रदान करते हैं। उत्पादकों को भंडारित उत्पादों को गिरवी रखकर सहकारी समितियॉ वित्त भी प्रदान करती है।

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम सहकारी स्तर पर वैज्ञानिक तरीके से भंडारण सुविधाओं के निर्माण में सहायता प्रदान करने के लिए क्रमबध्द तथा सतत प्रयास कर रहा है। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम विभिन्न योजनाओं अर्थात केन्द्रीयकृत प्रायोजित योजना, निगम प्रायोजित योजना तथा अन्य अन्तर्राष्ट्रीय तौर पर सहायता प्राप्त परियोजनाओं के माध्यम से भंडारण कार्यक्रम क्रियान्वित कर रहा है। 31.3.2004 तक राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम ने 141.19 लाख टन की क्षमता स्थापित की है।

9.0 प्रमुख बाजार

Assembling → एकत्र करने की प्रक्रिया में बड़े क्षेत्र में फैले छोटे छोटे उत्पादकों से तिल के बीजों को संग्रह करके केन्द्रीय स्थान पर लाने जहाॅ से गंतव्य स्थान अर्थात अन्ततः उपभोक्ता तक पहुँचाने की प्रक्रिया होती है। तिल के लिए विभिन्न राज्यों में कुछ प्रमुख एकत्रित करने वाले बाजार नीचे दिए गए है।

विभिन्न राज्यों में तिल के बीजों को एकत्रित करने वाले प्रमुख बाजार

	राज्य		प्रमुख बाजार
1.	आंध्र प्रदेश	-	हीरामंडलम, राजम, विजयनगरम, नरसीपट्टनम् नरसायरावपेट, गुडुरू, गुडूर, कडप्पा, चेन्नूर, वरंगल, तिरूमलगिरि, खम्मम.
2.	बिहार	-	पटना शहर, मुजाफरपुर, गया, बेतिया.
3.	गुजरात	-	राजकोट, अमरेलि, भावनगर, भुज, जामनगर, जूनागढ, सुरेन्द्रनगर.
4.	कर्नाटक	-	बंगलौर, चित्रदुर्ग, हरपणहल्ली, मैसूर, कडूर, अरसिकेरि, कोत्तूर, लिंगसागर, कुस्तागी, रायचूर, बेल्लारी, बीदर, बीजापुर.
5.	मध्य प्रदेश	-	सिहोर, हर्दा, इंदौर, भीकनगांव, बुरहानपुर, सरगांव, सबलगर सियोपुरकला, अजयगढ, टीकमगढ, छत्तरपुर, दमोह, रायपुर.
6.	महाराष्ट्र	-	जलगांव, बोडकड, यावल, खेमगांव, चोपडा, पचौरा, धुले, अहमदपुर, चालीसगांव, धारगांव.
7.	उडीसा	-	जलेनर, बालासोर, बारीपडा, कटक, बोलंगीर, बरहामपुर.
8.	राजस्थान	-	हनुमानगढ, गंगानगर, अलवर, भरतपुर, पाली.
9.	तमिलनाडु	-	इरोड, सेलम, विल्लूपुरम, विरधाचलम, तिरूचिरापल्ली, कुड्लोर.
10.	उत्तर प्रदेश	-	गाजियाबाद, हापुड, आगरा, कानपुर, महोबा, सीतापुर, माधोगंज, हारदोई, गोरखपुर, जलालाबाद.
11.	पं. बंगाल	-	बिष्णुपुर, तामलुक, आरामबाग, करीमपुर, कालना, कटवा, इस्लामपुर, बोंगांव, बादुरिया, शांतिपुर, नालहरी, रामपुरहाट, बर्दवान.

10.0 विपणन माध्यम

उत्पाद की विपणन प्रक्रिया तभी पूरी होती है जब उत्पाद उपभोक्ता के पास पहुंच जाता है। विपणन माध्यम वे माध्यम है जिनसे होकर कृषि उत्पाद, उत्पादक से उपभोक्ता तक पहुँचता है। तिल के विपणन के निजी तथा संस्थागत क्षेत्रों में विद्यमान प्रमुख विपणन माध्यम निम्नलिखित है -

निजी

1. किसान → उपभोक्ता
2. किसान → खुदरा व्यापारी → उपभोक्ता
3. उत्पादक → कमीशन एजेंट → थोक व्यापारी → खुदरा व्यापारी → उपभोक्ता.
4. उत्पादक → कमीशन एजेंट → थोक व्यापारी→ तेल मिल मालिक/प्रसंस्करणकर्ता.
5. उत्पादक → कमीशन एजेंट → तेल मिल मालिक → थोक विक्रेता → खुदरा विक्रेता → उपभोक्ता.
6. उत्पादक → कमीशन एजंाट → तेल मिल मालिक → खुदरा व्यापारी → उपभोक्ता.

सामान्य संस्थागत विपणन माध्यम

सावर्जनिक तथा सहकारी क्षेत्र के अभिकरण भी तिल के बीज खरीदते हैं। ये तिल के प्रापण तथा वितरण में सहज भूमिका निभाते हैं। नेशनल एग्रिकल्चर कोआपरेटिव्ह मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लि. (नेफेड) तिल के बीजों के प्रापण की केन्द्रीय नोडल अभिकरण एजेंसी है। तिल के मुख्य संस्थागत विपणन माध्यम निम्नलिखित हैं -

1. उत्पादक → ग्राम सहकारी समिति → प्रसंस्करण इकाई → सहकारी खुदरा भंडार → उपभोक्ता.
2. राज्य सहकारी विपणन → तेल मिल मालिक (निजी/सहकारी) → सहकारी खुदरा भंडार → उपभोक्ता.
3. उत्पादक → ग्राम सहकारी समिति → तेल मिल मालिक → थोक तेल विक्रेता → खुदरा विक्रेता → उपभोक्ता.

<u>माध्यमों के चयन का मानदंड</u>

सौदा पूरा करने में न्यूनतम समय और लागत पर सेवा प्रदान करने में दक्षता के आधार पर क्रेता और विक्रेता द्वारा माध्यम का चयन किया जाता है। कुछ संगठन और सहकारी संगठन किसानों से सीधे तौर पर अथवा अपने नेटवर्क के माध्यम से खरीद करते है। ऐसे मामले में किसानों को उनका अधिकतम हिस्सा प्राप्त होता है।

दक्ष विपणन माध्यमों के चयन के निम्नलिखित मानदंड हैं -

1. वह माध्यम अत्यंत दक्ष माध्यम समझा जाता है जो उत्पादक को अधिकतम हिस्सा प्रदान करें तथा उपभोक्ता को अत्यंत सस्ते मूल्य पर वस्तु उपलब्ध कराए।
2. अपेक्षाकृत छोटे माध्यमों का चयन करना चाहिए जिनकी बाजार लागत कम हो।
3. लंबे माध्यमों में अपेक्षाकृत ज्यादा बिचौलिए होने के कारण विपणन लागत बढ जाती है और उत्पादकों का हिस्सा कम हो जाता है।
4. उत्पादकों की वित्तीय स्थिति।

11.0 विपणन संबंधी सूचना

उत्पादन को लेकर बाजार की आयोजना करने के लिए उत्पादकों को विपणन संबंधी सूचना की आवश्यकता होती है। दक्षतापूर्वक विपणन संबंधी निर्णय लेने, प्रतियोगी विपणन प्रक्रिया का नियमन करने तथा बाजार में व्यक्तियों के एकाधिकार या लाभ को सीमित करने के लिए यह एक प्रमुख कार्य है। तत्संबंधी सूचना www.agmarket.nic.in पर प्रदर्शित की जाती है।



महत्वपूर्ण

- i) इससे उत्पादकों को उत्पादन की आयोजना में मदद मिलती है।
- ii) इससे उत्पाद के विपणन में मदद मिलती है।
- iii) इससे अपेक्षाकृत आधिक मूल्य प्राप्त करने में मदद मिलती है।

इसका लाभ

1. उत्पादकों को
2. उपभोक्ता को
3. विक्रेताओं को
4. सरकार को होता है।

विपणन सूचना के स्त्रोत :- हमारे देश में बहुत से स्त्रोत/संस्थान है जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से विपणन सूचना प्रदान करते हैं तथा एक्सटेंशन सेवा प्रदान करते हैं।

ये स्त्रोत निम्नलिखित हैं -

क] **केन्द्रीय स्तरीय**

	स्त्रोत/संस्थान	**पते**
1.	विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय (डी.एम.आई.) वेबसाइट → www.agmarket.nic.in	एन.एच.IV,सी.जी.वो. काम्प्लेक्स, फरीदाबाद
2.	आर्थिक और सांख्यीकी निदेशालय वेबसाइट → www.agricoop.nic.in	शास्त्री भवन, नई दिल्ली.
3.	वाणिज्यीक आसूचना तथा सांख्यीकी महानिदेशालय (डी.जी.सी.आई.एस.)	1, कौंसिल हाउस स्ट्रीट, कोलकता-1
4.	कैंन्द्रीय भांडागार निगम (सेंट्रलवेयर हाउसिंग कार्पोरेशन) वेबसाइट → www,fieo.com/cwc/	4/1, सीटी इंस्टीट्यूशनल, एरिया, सीटी कोर्ट के सामने नई दिल्ली-110016.

क) **राज्यस्तरीय**

1. राज्य कृषि विपणन बोर्ड → विभिन्न राज्यों की राजधानी में
2. कृषि उत्पाद विपणन समितियॉं → विभिन्न राज्यों में

ख) **स्वायत्त**

फेडरेशन आफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गनाइजेशन.	पीएचक्यू हाउस, तृतीय तल, एशियन गेम्स विलेज के सामने, नई दिल्ली-11016.

घ) **वेबसाइट**

वेबसाइट → www agmarknet.nic.in
www agriculturalinformation.com
www agriwatch.com
www ikisan.net
www agnic.org.
www fao.org.
www agrisurf.com
www fieo.com/cwc/
www commodityindia.com
www apeda.com
www ncdc.nic.in
www agricoop.nic.in
www indiaagronet.com
www nafed-india.com
www icar. org. in
www codexalimentarius.net

12.0 विपणन की वैकिल्पक प्रणालियॉ

विशेषज्ञ कहते हैं कि भारतीय कृषि दो बातों पर निर्भर है – मानसून और विपणन। किसान जो कुछ भी पैदा करता है वह इसके लिए बाजार की तलाश करता है। किसान को लाभकारी मूल्य पर अपने उत्पाद को बेचने योग्य होना चाहिए।

12.1 प्रत्यक्ष विपणन

प्रत्यक्ष विपणन एक नई अवधारणा है इसमें किसानों द्वारा अपने उत्पादों को बिना किसी बिचौलिए के उपभोक्ता को बेचना शामिल है।

लाभ

क) इससे उत्पादकों का लाभ बढ़ जाता है।

ख) इससे बाजार की लागत कम होती है।

ग) इससे वितरण की दक्षता बढ़ जाती है।

घ) इससे उपभोक्ताओं को उचित मूल्यपर बेहतर गुणवत्ता के उत्पाद मिलने से उन्हे संतुष्टि प्राप्त होती है।

ड.) इससे उत्पादकों को बेहतर विपणन तकनीक प्राप्त होती है।

च) इससे उत्पादकों तथा उपभोक्ता के बीच प्रत्यक्ष सम्पर्क को बढ़ावा मिलता है।

छ) इससे बिचौलियों का लाभ कम हो जाता है।

ज) इससे उत्पादकों को मांग के अनुसार उत्पादन करने के लिए बढ़ावा मिलता है।

12.2 संविदा विपणन

संविदा विपणन कृषि की वह प्रणाली है जिसमें किसान व्यापार या प्रसंस्करण में लगे अभिकरण के साथ पूर्व निर्धारित मूल्य पर 'बाई बैक' करार के आधार पर चुनिंदा फसले उगाते हैं।

लाभ	उत्पादक को	संविदाकर्ता एजेंसी को
जोखिम	यह मूल्य संबंधी जोखिम को कम करता है।	यह कच्चे माल की आपूर्ति के जोखिम को कम करता है।
मूल्य	उचित मूल्य सुनिश्चित करते हुए मूल्यस्थिरता	पूर्व सहमत संविदा के अनुसार मूल्यस्थिरता
गुणवत्ता	गुणवत्तायुक्त बीजों तथा इनपुट का प्रयोग	अच्छी गुणवत्ता का उत्पाद मिलता है और गुणवत्ता पर नियंत्रण रहता है।
भुगतान	बैंकों के साथ टाई अप होने से आश्वस्त और नियमित भुगतान	भुगतान की आसान हैंडलिंग और भुगतान पर नियंत्रण

फसल कटने के बाद हैंडलिंग	हैंडलिंग का जोखिम और लागत कम हो जाती है।	नियंत्रण और दक्षतापूर्वक हैंडलिंग
नई तकनीक	कृषि प्रबंधक और प्रथाओं की सुविधाएं प्राप्त होती है।	उपभोक्ता की आवश्यकता को पूरा करने के लिए बेहतर तथा अपेक्षित उत्पाद
स्वस्थ व्यापारिक प्रथाएं	कदाचार कम होता है और इसमें कोई बिचौलिया शामिल नही होता है।	व्यापार प्रथाओं पर बेहतर नियंत्रण
फसल बीमा	जोखिम कम हो जाता है।	जोखिम कम हो जाता है।
परस्पर संबंध	घनिष्ठ होते है।	सुदृढ होते हैं।
लाभ	बढता है।	बढता है।

12.3 <u>सहकारी विपणन</u> :

सहकारी विपणन, विपणन की वह प्रणाली है जिसमें उत्पादकों का एक वर्ग संयुक्त रूप से इकट्ठा होता है तथा संयुक्त रूप से अपने उत्पाद को बेचने के लिए संबंधित राज्य सहकारी समिति अधिनियम के अन्तर्गत स्वयं को पंजीकृत कराता है। सहकारी विपणन कार्य में उत्पाद खरीदना, श्रेणीकरण करना, पैकिंग करना, प्रसंस्करण करना, भंडारण करना परिवहन, वित्त पोषण इत्यादि करना शामिल है।

सहकारी विपणन ढांचा तीन आयामी प्रणाली होती है -

i) गांव/मंडी स्तर पर प्राथमिक विपणन सोसायटी (पी एम एस)

ii) राज्य स्तर पर राज्य सहकारी विपणन फैडरेशन (मार्क फेड)

iii) राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन फैडरेशन लिमिटेड (नैफेड)

इससे निम्मलिखित लाभ प्राप्त होते हैं –

1. उत्पादकों को लाभकारी मूल्य दिलाना.
2. विपणन की लागत को कम करना.
3. कमीशन शुल्क में कटौती करना.
4. अवसंरचना का प्रभारी उपयोग.
5. ऋण सुविधा प्रदान करना.
6. आसान परिवहन.
7. कदाचार को कम करना.
8. कृषिगत इनपुट की आपूर्ती करना.
9. विपणन सूचना उपलब्ध करना.

12.4 फारवर्ड तथा भावी (वायदा) बाजार.

फारवर्ड ट्रेडिंग के तहत संविदागत मूल्यपर निर्दिष्ट भावी समय में परिदान के लिए वस्तु की कुछ किस्मों तथा मात्रा के लिए क्रेता और विक्रेता के बीच एक करार या संविदा होती है। इससे मूल्यों में उतार चढाव से संरक्षा मिलती है।

फारवर्ड संविदाएं मुख्य दो प्रकार की होती हैं -

क) विशिष्ट परिदान संविदाएं

विशिष्ट परिदान संविदाएं भी दो तरह की होती है –

i) हस्तांतरणीय विशिष्ट परिदान संविदाएं (टी एस डी)

ii) अहस्तांतरणीय विशिष्ट परिदान संविदाएं (एन टी एस डी)

हस्तांतरणीय विशिष्ट परिदान संविदाओं में संविदा के अन्तर्गत अधिकारों अथवा बाध्यकारिताओं का हस्तांतरण अनुमेय है जबकि अहस्तांतरणीय विशिष्ट परिदान संविदाओं में इसकी अनुमति प्रदान नहीं की जाती है।

ख) <u>विशिष्ट परिदान संविदा से इतर संविदाएं</u>

<u>लाभ</u>

i) **उत्पादक** - भविष्य में विद्यमान रहने वाले संभावित मूल्य का अनुमान लगा सकते हैं। अतः वे अपने उत्पादन की योजना इस तरह से बना सकते हैं जो उनके लिए उपयुक्त हो।

ii) **व्यापारी/ निर्यातक** - इससे उन्हे विद्यमान रहने वाले मूल्योंकी अग्रिम सूचना मिल जाती है। इससे व्यापारियों/निर्यातकों को वास्तविक मूल्य कोट करने तथा प्रतियोगी बाजारों में व्यापार/निर्यात संविदा सुदृढ करने मदद मिलती है।

iii) **उपभोक्ता** - वायदा व्यापार से उपभोक्ताओं को उस मूल्य का अंदाजा हो जाता है जिसपर भविष्य में उन्हे वस्तु प्राप्त होगी।

iv) **मूल्य स्थिरीकरण** - अत्यंत मूल्य उतार चढाव के समय वायदा व्यापार मूल्य परिवर्तनों को कम करती है।

v) **प्रतियोगिता** - वायदा व्यापार प्रतियोगिता को बढ़ावा देती है तथा किसानों, प्रसंस्करणकर्ताओं तथा व्यापारियों को प्रतियोगी मूल्य प्रदान करती है।

vi) **आपूर्ति तथा मांग** - यह वर्ष भर मांग की स्थिति को संतुलित रखती है।

vii) **मूल्य समेंकन** - वायदा व्यापार देश भर में एकीकृत मूल्य ढांचा संवर्धित करती है।

13.0 संस्थागत ऋण सुविधाए.

योजना का नाम	पात्रता	सुविधाए
फसल ऋण	सभी श्रेणियों के किसानो को	1) अल्पावधि के ऋण के रूप में विभिन्न फसलों की खेती संबंधी व्यय को पूरा करने के लिए 2) किसानों को प्रत्यक्ष वित्त पोषण के रूप में यह ऋण प्रदान किया जाता है इसकी चुकौती की अवधि 18 महीने से अधिक नही होती है।
उत्पाद विपणन ऋण	सभी श्रेणियों के किसान	**क)** किसानों को कम मूल्य पर उत्पाद को बेचने से रोकने के लिए अपने उत्पाद को भंडारित रखने में मदद देने के लिए यह ऋण प्रदान किया जाता है। **ख)** यह ऋण अगली फसल के लिए फसल ऋण को तत्काल नवीकरण करने में भी मदद देता है **ग)** इसकी चुकौती की अवधि 6 महीने से अधिक नहीं होती है।
